# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, रायपुर जिला भीलवाड़ा राज.

पीठासीन अधिकारीः—गोविन्द सिंह, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः—3/2019 प्रार्थना पत्र

उनवान

1—अशोक कुमार पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

2—महेश चन्द्र पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

3—अर्जुन लाल पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

4—नवरतन मल पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

5—सुरेन्द्र कुमार पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

6—विनोद कुमार पिता धर्मचन्द सुखलेचा निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

7—सुशीला पुत्री धर्मचन्द सुखलेचा पत्नि पुनम कोठारी निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

प्रार्थीगण

बनाम

1—ग्राम पंचायत रायुपर जरिये सरपंच रायुपर तहसील रायपुर जिला भीलवाडा

2—राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार रायपुर जिला भीलवाड़ा

विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धाराः136 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट.**

उपस्थित

1.चान्दमल/हरिश टेलर — अधिवक्ता प्रार्थी

## निर्णय

दिनांक 12.06.2019

पत्रावली आज पेश हुई। प्रकरण का सक्षेप मे विवरण इस प्रकार है कि ग्राम रायपुर के बैरून हल्का आबादी मे पुराने खाते नम्बर 250 की आराजी नम्बर 2103, 2104, 2105 कुल रकबा 15 बिस्वा भूमि जो प्रार्थी के पिता धर्मचन्द पिता लक्ष्मीलाल सुखलेचा के खातेदारी अधिकार एवं आधिपत्य की संवत 2037 से 2040 तक की जमाबन्दी में खाता संख्या 250 में दर्ज थी। प्रमाणित प्रति जमाबन्दी प्रस्तुत है। प्रार्थीगण के पिता द्वारा उक्त वर्णित भूमि को आबादी में परिवर्तन कराने हेतु आवेदन करने पर जिलाधीश महोदय भीलवाड़ा के आदेश से रेवेन्यु रिकार्ड में उक्त वर्णित जमाबन्दी में इन्तकाल नम्बर 1536 एवं 1538 दिनांक 19.01.1983 में परिवर्तन का अंकन किया गया। इस प्रकार पुरा रकबा 15 बिस्वा उक्त वर्णित नम्बर का आबादी भूमि में परिवर्तन हो गया प्रमाणित प्रतिया ई.न. 1536, 1538 पेश है। उक्त खाता नम्बर 250 संवत 2037 से 2040 जमाबन्दी के बाद भू प्रबन्धन हुआ। भू प्रबन्धन अधिकारियो द्वारा प्रार्थीगण के पिता का नाम खातेदारी हक से दर्ज उक्त वर्णित आराजी नम्बर 2103, 2104, 2105 कुल रकबा 0.15 बिस्वा के नये नम्बर 3818 कायम करते हुए अन्य आराजियात नम्बर 2098, 2109, 2099, 2102, 2103, 2104, 2105 कुल रकबा 0.35 है0 बनाते हुए नया खाता नम्बर 985 राज्य सरकार के नाम पुरे गांव की भूमि का कायम करते हुए सरकारी व व्यक्तिगत खातेदारी की आबादी में परिवर्तन सभी भूमियो को इस खाते में अंकित करते हुए पुरे खाते नम्बर 985 में वर्णित भूमियों को ग्राम पंचायत रायुपर की आबादी हेतु दर्ज रिकार्ड कर दी गई जिसमे मेरे पिता के नाम की खातेदारी के उक्त वर्णित भूमिया आराजी नम्बर 2103, 2104, 2105 कुल रकबा 0.15 है0 जिसका नया नम्बर 1838 कायम किया जाकर अन्य आराजियात के साथ आराजी नम्बर 1838 कुल रकबा 0.35 है0 बना दिया है। इस 0.35 मे से 0.15 है0 रकबा मेरे पिता के खातेदारी अधिकार व आधिपत्य का था जिसको ग्राम पंचायत की रायपुर की आबादी भूमि बनाने का राज्य सरकार को कानुनन कोई अधिकार

